# अपने नॉलेज से छोटे बिजनेस को बना सकते हैं बड़ा : प्रो. राजीव

**पटना (एसएनबी)।** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में बिहार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नामित प्रतिनिधियों का पांच दिवसीय आवासीय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. राजीव वर्मा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को व्यवसाय के आधार जैसे मार्केटिंग, अकाउंटिंग, डिजाइनिंग, प्लानिंग, ब्रांडिंग और कई अन्य चीजों के बारे में उचित प्रशिक्षण और ज्ञान मिलेगा। हर बिजनेस की शुरुआत छोटे से होती है। लेकिन, नॉलेज और एक्सपीरियंस से हम इसे बड़ा बना सकते हैं। इस अवसर पर कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सीआईएमपी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उनसे अनुरोध किया कि वे इन पांच दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सर्वोत्तम उपयोग करें। हमारे प्रोफेसरों से सीखें और अपने व्यवसाय को बढ़ाने में इस ज्ञान का उपयोग करें। बिहार सरकार प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तावित सभी व्यवसाय और स्टार्ट-अप में बहुत सक्रिय है। वे इसे सफल बनाने में हर संभव मदद करेंगे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

■ बिहार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मनोनीत प्रतिनिधियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अंकित शर्मा, सहायक प्रोफेसर, सीआईएमपी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि इन पांच दिनों में हमसे सीखें और अनुभव लें। हम आपको सब कुछ समझाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे ताकि पांच दिनों के बाद आपके पास अलग मानसिकता और ज्ञान हो जो आपके व्यवसाय के विकास में आपकी मदद करे।

Rashtriya Sahara ! Page No - 02 ! Date - 10-01-2023 !

# प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पटना (आससे)। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में बिहार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नामित प्रतिनिधियों का 5 दिवसीय आवासीय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. (डॉ.) राजीव वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, सीआईएमपी के स्वागत भाषण से हुई। अपने संबोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को व्यवसाय के आधार जैसे मार्केटिंग, अकाउंटिंग, डिजाइनिंग, प्लानिंग, ब्रांडिंग और कई अन्य चीजों के बारे में उचित प्रशिक्षण और ज्ञान मिलेगा। आगे उन्होंने बताया कि हर बिजनेस की शुरुआत छोटे से होती



है लेकिन नॉलेज और एक्सपीरियंस से हम इसे बड़ा बना सकते हैं। इस अवसर पर कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सीआईएमपी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उनसे अनुरोध किया कि वे इन 5 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सर्वोत्तम उपयोग करें और हमारे सम्मानित प्रोफेसरों से सीखें और अपने व्यवसाय को बढ़ाने में इस ज्ञान का उपयोग करें। बिहार सरकार प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तावित सभी व्यवसाय और स्टार्ट-अप में बहुत सक्रिय है, वे इसे सफल बनाने में हर संभव मदद करेंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर (डॉ.) अंकित शर्मा, सहायक प्रोफेसर, सीआईएमपी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि इन 5 दिनों में हमसे सीखें और अनुभव लें और हम आपको सब कुछ समझाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे ताकि 5 दिनों के बाद आपके पास अलग मानसिकता और ज्ञान हो जो आपके व्यवसाय के विकास में आपकी मदद करे।

Aaj ! Page No - 08 Date - 10-01-2023 !

# मार्केटिंग, डिजाइनिंग, ब्रांडिंग से खादी को मिलेगा बाजार

## मनोनीत प्रतिनिधियों का प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में बिहार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नामित प्रतिनिधियों का 5 दिवसीय आवासीय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. डॉ. राजीव वर्मा ने कहा कि खादी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मार्केटिंग, अकाउंटिंग, डिजाइनिंग, प्लानिंग, ब्रांडिंग पर मिलकर काम करना होगा। बुनकर से लेकर खादी संस्थानों को खादी को टिकाऊ और आकर्षक बनाने के लिए काम करना होगा। कई अन्य चीजों के बारे में उचित प्रशिक्षण और ज्ञान मिलेगा। आगे उन्होंने बताया कि हर बिजनेस की शुरुआत छोटे से होती है लेकिन नॉलेज और एक्सपीरियंस से हम इसे बड़ा बना सकते हैं।

## बिहार सरकार व्यवसाय और स्टार्ट-अप में करेगी मदद

इस अवसर पर कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सीआईएमपी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उनसे अनुरोध किया कि वे इन 5 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सर्वोत्तम उपयोग करें और हमारे सम्मानित प्रोफेसरों से सीखें और अपने व्यवसाय को बढ़ाने में इस ज्ञान का उपयोग करें। बिहार सरकार प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तावित सभी व्यवसाय और स्टार्ट-अप में बहुत सक्रिय है, वे इसे सफल बनाने में हर संभव मदद करेंगे। प्रोफेसर डॉ. अंकित शर्मा, सहायक प्रोफेसर, सीआईएमपी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि इन 5 दिनों में हमसे सीखें और अनुभव लें और हम आपको सब कुछ समझाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे ताकि 5 दिनों के बाद आपके पास अलग मानसिकता और ज्ञान हो जो आपके व्यवसाय के विकास में आपकी मदद करें।

Dainik Bhaskar ! Page No - 05 !
Date - 10-01-2023 !

# हर व्यापार की छोटे से होती है शुरुआत, बड़ा बनाने को अनुभव जरूरी

**जागरण संवाददाता, पटना :** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, पटना (सीआइएमपी) में बिहार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नामित प्रतिनिधियों का पांच दिवसीय आवासीय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीआइएमपी के एसोसिएट प्रो. राजीव वर्मा ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और बताया कि सभी प्रतिभागियों को व्यवसाय के आधार कैसे मार्केटिंग, अकाउंटिंग, डिजाइनिंग, प्लानिंग, ब्रांडिंग और कई अन्य चीजों के बारे में उचित प्रशिक्षण और ज्ञान मिलेगा। उन्होंने बताया कि हर बिजनेस की शुरुआत छोटे से होती है, लेकिन नालेज और एक्सपीरियंस से हम इसे बड़ा बना सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार ने प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे इन पांच दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उपयोग करें और सम्मानित प्रोफेसरों से व्यवसाय को बढ़ाने में ज्ञान की जानकारी प्राप्त करें। बिहार सरकार प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तावित सभी व्यवसाय और स्टार्ट-अप में बहुत सक्रिय है, वे इसे सफल बनाने में हर संभव मदद करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अंकित शर्मा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवसाय के बारे में सीखें और अनुभव लें।

Dainik Jagran !
Page No - 04 !
Date - 10-01-2023 !